प्रेसनोट

दिनांक 03.01.2023

श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा से संबंद्ध सुपर स्पेशलिटी अस्पताल रीवा को आज एनएबीएच (नेशनल ऐक्रेडीटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल) द्वारा नवीनतम पांचवे संस्करण के मानकों अनुसार " NABH Full Accreditation " का क्वालिटी सर्टिफिकेट जारी किया गया है जो चार साल के लिये मान्य रहेगा।

इस Accreditation के लिये प्रक्रिया दिसम्बर 2021 में चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. शासन द्वारा शुरू की गई थी। इस महात्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के लिये हमारी प्रेरणा थे हमारे माननीय चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग जी, जिन्होंने शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों से सम्बद्ध चिकित्सालयों को NABH क्वालिटी सर्टिफिकेट दिलाने का सपना देखा एवं विभाग ने इसे पाने के लिये हर सभव प्रयत्न किये जिसका नतीजा है कि NABH Full Accreditation पाने वाला यह मध्यप्रदेश का पहला पूर्ण शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबंद्ध चिकित्सालय है। यह रीवा और प्रदेश के लिये महत्वपूर्ण उपलब्धि होते हुए गौरव का विषय है।

इन अथक प्रयासों में विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मोहम्मद सुलेमान से सतत मार्गदर्शन एवं अन्य आवश्यक सहयोग मिलता रहा। तत्कालीन आयुक्त चिकित्सा शिक्षा श्री निशांत वरवडे एवं वर्तमान आयुक्त चिकित्सा शिक्षा श्री जॉन किंग्सली ए.आर. का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही इस प्रोजेक्ट मे कोर टीम के कॉर्डिनेटर रहे डॉ. शशांक जोशी (Team Conorg) का प्रमुख योगदान रहा।

स्थानीय स्तर पर आयुक्त रीवा संभाग श्री अनिल सुचारी एवं कलेक्टर रीवा श्री मनोज पुष्प का विशेष योगदान रहा। चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.देवेश सारस्वत, अधीक्षक सह संयुक्त संचालय गॉधी स्मारक चिकित्सालय डॉ. अवतार सिंह यादव, अधीक्षक सुपर स्पेशिलिटी अक्षय श्रीवास्तव, नोड़ल अधिकारी NABH डॉ. आलोक प्रताप सिंह, अस्पताल प्रबंधक डॉ. प्रियंका पंचोली (Quality Incharge) एवं समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

Ambrish
03/01/22

डॉ0 अम्बरीश मिश्रा
मीडिया प्रभारी
श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय
रीवा म0प्र0